RASHTRIYA SAHARA, LUCKNOW
Wednesday, November 17, 2010

टीसीएस क्विज में एलपीएस के छात्रों ने बाजी मारी

लखनऊ। देश की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसलटेंसी (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस आईटी विज-2010 के रीजनल राउंड में लखनऊ पब्लिक स्कूल (एलपीएस) के छात्र कक्षा ग्यारह के रोहित कश्यप और स्वप्निल पलाश ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर देहरादून के समर वैली स्कूल के दिवाकर जुआल और विनायक शर्मा रहे। विजेताओं को लैपटाप और ट्राफी समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ के निदेशक डा. देवी सिंह और उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय के

कारोबारी हलचल

कुलपति डा. कृपा शंकर सिंह ने प्रदान किये। गोमती नगर स्थित संत गाडगे सभागार में आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में लखनऊ, देहरादून, नैनीताल, कानपुर, इलाहाबाद, फैजाबाद, वाराणसी, गोरखपुर और उत्तराखंड के कई स्कूल के लगभग 1200 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर टीसीएस के लखनऊ प्रमुख जयंत कृष्णा ने बताया कि क्षेत्रीय फाइनल में पहुंचने वाली छह टीमों को भी बैग पैक्स, एमपी 3, हेड फोन, टीशर्ट आदि देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता कक्षा आठ से 12 में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुली थी। नेशनल फाइनल दिसम्बर में मुंबई में आयोजित होगा जिसमें क्षेत्रीय स्तर की 12 टीमें शामिल होंगी।